दैनिक जागरण 12/02/2023

# जीएमएन कालेज में हुआ सूर्य नमस्कार



सूर्य नमस्कार में भाग लेते जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में एनएसएस यूनिट द्वारा· गांव खुड्डा कलां में एनएसएस कैंप के तहत गायत्री मंत्री का उच्चारण कियाा, जबकि सूर्य नमस्कार भी किया। इस दौरान बच्चों ने सूर्य नमस्कार किया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गांव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग ले रहे हैं और हमारे स्वयं सेवकों को आत्मनिर्भर भारत की व्यवहारिक छवि को प्रस्तुत किया गया। उन्हें गत्ता बनाने के कारखाने में ले जाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गांव में विभिन्न विषयों के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं। डा. अनीश ने बताया कि शिविर के दूसरे सत्र में बेस्ट आउट आफ वेस्ट जैसी गतिविधियां करवाई गई।